Title: Need for proper maintenance of N.H. 107 between Maheshkhunt and Saharsa and N.H. 106 between Birpur and Madhepura in Bihar.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (सहरसा) : उपाध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य में पड़ने वाले एन.एच. की स्थिति काफी खराब रहने से आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग एवं सड़क परिवहन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राट्रीय राजमार्ग के विकास एवं अनुरक्षण के लिए आबंटित राशि का उपयोग करने में बिहार सरकार सक्षम नहीं हो रही है।

माननीय उच्च न्यायालय पटना ने राट्रीय राजमार्ग के विकास एवं अनुरक्षण के लिए आबंटित राशि का उपयोग बिहार सरकार द्वारा नहीं करने पर राट्रीय राजमार्ग एवं सड़क परिवहन मंत्रालय भारत सरकार को अपने अधीनस्थ एजेंसी निर्धारित कर राट्रीय राजमार्ग के कार्य को सम्पादित करने का निर्देश कई अवसरों पर दिया है, लेकिन केन्द्रीय सरकार द्वारा उस दिशा में अब तक कोई कार्यवाही नहीं करने से बिहार के खराब राट्रीय राजमार्ग और भी जर्जर होते जा रहे हैं।

अतः केन्द्र सरकार, माननीय उच्च न्यायालय पटना के निर्देश के आलोक में बिहार राज्य के राट्रीय राजमार्ग के विकास एवं अनुरक्षण के लिए अपने अधीनस्थ एजेंसी गठित कर जर्जर सड़कों के निर्माण को पूरा कराए एवं उक्त एजेंसी से ही मेरे संसदीय क्षेत्र से गुजरने वाले एन.एच.107 के महेशखुट-सोनवर्षाराज-सिमरी बख्तियारपुर-बरियाही बाजार-सहरसा-70 की.मी. एवं एन.एच.-106 के बीरपुर से मधेपुरा-70 कि.मी. जर्जर सड़क की विशेा मरम्मत शीघ्र कराए।